# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

**क्रमांकः प.14(45)RSSB/अर्थना/त.शि./कनि.अनु./ 2018/351** दिनांक : 06.04.2022

## –:: संशोधित विस्तृत विज्ञप्ति ::–

## कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) सीधी भर्ती–2018

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा निदेशालय), राजस्थान, जोधपुर के लिये राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम, 1975 तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न खण्डों के गैर अनुसूचित क्षेत्र के 353 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 49 कुल 402 पदों के लिये विज्ञापन संख्या 08/2018 दिनांक 25.04.2018 को जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के अन्तर्गत कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) के कुल 39 पदों पर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये गये थे।

कार्मिक (क–2) विभाग के पत्र कमांक प.7(1) कार्मिक/क–2/2017 दिनांक 23.06.2019 में दिये गये निर्देशों की पालना में कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा निदेशालय), राजस्थान, जोधपुर द्वारा कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) के पदों की संशोधित अर्थना बोर्ड को भिजवाई है। अतः बोर्ड द्वारा अब **कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) के गैर अनुसूचित क्षेत्र के 34 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 9 कुल 43 पदों** हेतु निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) पुनः आमंत्रित किये जाते है। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में इन पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन कर दिया है, उन्हें दुबारा ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं। राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 13.02.2019 द्वारा इस भर्ती में अति पिछडा वर्ग के लिए 05 प्रतिशत एवं अधिसूचना दिनांक 19.02.2019 द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये 10 प्रतिशत तथा राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार नियम 2018 दिनांक 23.01.2019 के अनुसार दिव्यांगजनों के लिये 04 प्रतिशत देय आरक्षण की पालना में पद आरक्षित किये गये है। अब इन पदों का श्रेणीवार वर्गीकरण निम्नानुसार हैः–

1. **कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) (गैर अनुसूचित क्षेत्र)**
   पद कोड संख्या–09

| कुल पद | सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | अति पिछड़ा वर्ग | | | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता |
| 34 | 01 | – | – | – | 10 | 02 | – | – | 08 | 01 | – | – | 07 | 01 | – | – | 01 | – | – | – | 03 | – | – | – |

| क्षैतिज आरक्षण | | |
|---|---|---|
| विशेष योग्यजन LD/CP | भूतपूर्व सैनिक | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
| 02 | 04 | – |

## (ख) अनुसूचित क्षेत्र

| कुल पद | सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | क्षैतिज आरक्षण (HORIZONTAL RESERVATION) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | विशेष योग्यजन LD/CP | भूतपूर्व सैनिक | उत्कृष्ट खिलाडी |
| 09 | 04 | 01 | – | – | – | – | – | – | 03 | 01 | – | – | – | 01 | – |

**नोटः–**

1. बारां जिले की सहरिया आदिम जाति के लिये कोई पद आरक्षित नहीं है।
2. **कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 16.04.2021 द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष एवं महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की गई है। साथ ही कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 19.04.2021 द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के समान आवेदन शुल्क जमा कराने की रियायत प्रदान की गई है।**
3. जिन अभ्यर्थियों ने कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) के उक्त पदों की भर्ती हेतु बोर्ड के विज्ञापन संख्या 08/2018 दिनांक 25.04.2018 के अनुसार आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है, उन्हें अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु ऑनलाईन आवेदन में

